## महत्वपूर्ण एवं खास

### सड़क किनारे सोये बीमार व्यक्ति को मिला डायल 112 सेवा की त्वरित सहायता

रायगढ़। सड़क किनारे सोये बीमार व्यक्ति को मिला डायल 112 सेवा की त्वरित सहायता। घटना आज सुबह की है। जब डायल 112 को सूचना मिला कि उड़िसा रोड, कबीर चैक में राधिका रेसीडेंसी के पास सड़क किनारे एक व्यक्ति बीमारी से कराहते लेटा हुआ है, देखने से काफी कमजोर लग रहा है। सूचना मिलते ही ईआरव्ही कोतवाली रायनो-2 को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया, मौके पर पहुँची ईआरव्ही टीम ने कमजोर बीमार व्यक्ति से पूछताछ किया जो अपना नाम बाबू एवं पता जामगांव बता रहा था। जिसे ईआरव्ही टीम द्वारा पहले खाना खिलाकर कुछ समय अपने साथ रखे थे बाद उनके स्वास्थ्य में थोडा सुधार आने पर पीड़ित व्यक्ति ने कहा कि मुझे रेलवे स्टेशन छोड़ दो मैं अपना घर जामगांव चला जाऊंगा जिसे सुरक्षित रेलवे स्टेशन छोड़ा गया। इस कार्यवाही के दौरान डीपीसीआर प्रभारी सहायक उप निरीक्षक प्रेमसाय भगत, ईआरव्ही टीम के आरक्षक 382 डहरू रात उँराव एवं कॉल डिस्पेचर आरक्षक (दूसं) 91 प्रषांत सिंह ने सराहनीय कार्य किया।

### 9 वीं के विज्ञान विषय में कठिन थे सवाल, 10 की परीक्षा खत्म

रायगढ़। शनिवार को बोर्ड परीक्षा में दसवीं के विज्ञान के अलावा होम एग्जाम में भी 9 वीं का विज्ञान विषय का ही पेपर था। सुबह हुई बोर्ड परीक्षा में दसवी का प्रश्नपत्र तो सामान्य स्तर का था लेकिन दूसरी पाली में हुई नवमी के विज्ञान विषय ने छात्रों को परेशान कर डाला। प्रश्नपत्र को औसत से ज्यादा कठिन बताकर छात्रों ने कुछ सवाल कोर्स से बाहर आने की भी बात कही है।

माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवी की परीक्षाएं शनिवार को समाप्त हो गई। अंतिम प्रश्नपत्र विज्ञान विषय का था। सुबह की पाली में इसके लिए कुल 21 हजार 168 छात्रों में से 20 हजार 590 छात्रो ने अपनी उपस्थित दर्ज कराई और 578 छात्र अनुपस्थित रहे। दसवीं के आखिरी पेपर में भी शिक्षा विभाग की टीम या उड़नदस्ता दल किसी तरह का नकल केस नहीं बना सके हैं। आखिरी प्रश्नपत्र में किसी तरह की असुविधा तो छात्रों को नहीं हुई लेकिन इसके बाद दूसरी पाली में हाईस्कूलों में जब कक्षा 9 वीं की परीक्षा शुरू हुई तो छात्रों को चेहरा मुरझा गया। दरअसल नवमी का भी विज्ञान विषय का ही पेपर था लेकिन इसमें शिक्षा विभाग ने विज्ञान विषय के प्रश्नों का स्तर बहुत कठिन कर रखा था। इसमें रसायन के खंड से छात्रों को उलझाने वाले सवाल थे। इसके अलावा जीव विज्ञान वाले खंड से औसत से ज्यादा कठिन प्रश्न किए गए थे। जिससे परीक्षा कक्ष में छात्र परेशान नजर आए। बोर्ड परीक्षाएं समाप्त होने के बाद अब शिक्षा विभाग मूल्यांकन की योजना बना रहा है। इसके लिए अगले हफ्ते से उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू किया जाएगा।

### पटवारी परीक्षा संपन्न

रायगढ़। जिले में पटवारी के 20 पदों के लिए जिले में 19 हजार से अधिक अभ्यर्थी अपनी किस्मत आजमाएं। व्यापमं द्वारा आयोजित प्रदेश में 250 पदों के लिए ली गई इस परीक्षा में उम्मीदवारों की संख्या अधिक हो जाने के कारण 60 केन्द्र बनाने पड़े थे। शहर से 18 किमी दूर तक बने इन परीक्षा केन्द्र प्रभारियों को गोपनीय सामग्री के लिए सुबह 6 बजे कलेक्टोरेट बुलाया गया था।

पटवारी परीक्षा के लिए रविवार को जिले में 19 हजार 74 उम्मीदवार शामिल हुए। व्यापमं द्वारा आयोजित इस परीक्षा के लिए रायगढ़ जिले में पटवारी के कुल 20 पद ही हैं।

# समय पर लेते आवेदन तो जिले में किसानों को मिल जाते 34 करोड़

रायगढ़। पीएम किसान सम्मान निधि के तहत जिले में राजस्व एवं कृषि विभाग ने यदि समय पर आवेदन ले लेते तो रायगढ़ जिले में भी पौने 2 लाख किसानों को 34 करोड़ की सहायता राशि मिल जाती लेकिन पोर्टल में 41 हजार आवेदन अपडेट होने के बाद आचार संहिता लग गई जिससे जिले में किसानों को फूटी कौड़ी भी नहीं मिल सकी है।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना कृषि एवं भू अभिलेख विभाग की वजह से अटक गई है। 1 फरवरी को बजट में पेश होने वाली इस योजना में रायगढ़ के लघु सीमांत किसानों को इसका लाभ मिलना था लेकिन राजस्व विभाग ने बहुत विलंब से इसमें काम करना शुरू किया और कृषि विभाग ने भी आवेदनों की पटवारियों द्वारा एंट्री करने के कारण कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। इसी बीच आचार संहिता लग गई और आवेदनों की एंट्री भी बंद हो गई। विभाग के अनुसार पोर्टल में करीब 41 हजार 743 आवेदन आए हैं लेकिन इसमें से किसी भी किसान को



फूटी कौड़ी नहीं मिल सकी है। मालूम हो कि इस योजना में 2 हेक्टेयर (5 एकड़) से रकबे वाले किसानों को 6 हजार रूपए की मदद दी जानी है। किसानों के बैंक खाते में तीन किश्तों में यह राशि देनी है। चुनावी साल में सरकार ने इस योजना को दिसंबर 2018 से ही लागू करने का एलान किया था और इसमें दिसंबर से मार्च तक के पहली किश्त के लिए किसानों को 2 हजार रूपए मिलने थे। रायगढ़ जिले में कृषि विभाग के रिकार्ड के अनुसार 2 एकड़ तक के रकबे वाले 126529 लघु किसान तथा 5 एकड़ तक रकबे वाले 43735 सीमांत किसान हैं, लेकिन 1 लाख 70 हजार 264 लघु एवं सीमांत किसानों में से केवल 41 हजार 743 किसानों के नाम ही पोर्टल में आ सके हैं और अब इन्हें भी सहायता राशि की पहली किश्त का इंतजार है।

### पटवारियों ने किया था इंकार

योजना में कृषि विभाग नोडल है लेकिन राजस्व विभाग का सहयोग लेकर पटवारियों से आनलाइन आवेदनों एंट्री करानी थी लेकिन जिले में पहले तो पटवारियों ने इससे तौबा कर ली और आवेदनों की एंट्री नहीं करने के लिए कलेक्टर को ज्ञापन सौंप दिया। जिससे 24 प्रतिशत किसानो के आवेदन तो ले लिए लेकिन आचार संहिता लग जाने के कारण अब उन्हें कोई सहायता राशि नहीं मिली है।

### 3 किश्तों में 102 करोड़

केन्द्र सरकार की इस पीएम किसान सम्मान निधि योजना में तीन किश्तों में किसानों को कुल 6 हजार रूपए का लाभ मिलना है। इसमें किसानों को हर चार महीनों में 2-2 हजार रूपए उनके बैंक खातों में दिए जाने हैं। रायगढ़ जिले में दर्ज लघु एवं सीमांत किसानों के हिसाब से यह राशि सालाना करीब 102 करोड़ रूपए होती है।

### 42 हजार किसान हुए बाहर

जिला प्रशासन के आंकड़ों के अनुसार जिले की 9 तहसील में ऐसे 42015 किसान हैं। जिनके पास 5 एकड़ एवं इससे अधिक का खेती का रकबा है। प्रतिशत में देखा जाए तो जिले में कुल किसानों का 19 प्रतिशत पूंजीपति किसान हैं,हालाकि शासन की योजना छोटे सीमांत किसानों के लिए है, इसलिए ऐसे पूंजीपति किसान इसका लाभ नहीं ले पाएंगे।

पीएस किसान सम्मान निधि योजना में कितने आवेदन आए हैं। ये तो भू अभिलेख विभाग वाले ही अच्छे से बता सकेंगे।

आचार संहिता लग गई है, इसलिए किसानों के आवेदनों को ट्रांसफर करना भी बंद कर दिए हैं। राशि बाद में जारी होगी।

### पारिवारिक विवाद के चलते महिला ने स्वयं पर मिट्टी तेल डालकर लगाई आग, बुरी तरह झुलसी

रायगढ़। पारिवारिक विवाद के चलते स्वयं पर मिट्टी तेल डालकर बुरी तरह झुलसी महिला को डायल 112 ने अस्पताल पहुँचाया। घटना 16 मार्च की दोपहर की है। डायल 112 को सूचना मिला कि ग्राम बंजारी में 25 वर्षीय महिला पारिवारिक विवाद के चलते स्वयं पर मिट्टी तेल डालकर आग लगा ली है। सूचना मिलते ही इआरव्ही सारंगढ़ रायनो- 1 को घटनास्थल के लिए रवना किया गया। मौके पर पहुँची इआरव्ही टीम द्वारा आग से झुलसी महिला को सी.एच.सी. सारंगढ़ में भर्ती कराया गया। इस कार्यवाही के दौरान डीपीसीआर प्रभारी सहायक उप निरीक्षक प्रेमसाय भगत, इआरव्ही टीम के आरक्षक 1004 देवनारायण भगत एवं कॉल डिस्पेचर आरक्षक (दूसं) विजय निगम ने सराहनीय कार्य किया।

## एक लाख 75 हजार उपभोक्त ाओं पर 35 करोड़ रुपये का बिजली बिल बकाया

**बिजली कंपनी के कर्जदारों को नहीं मिलेगा में बिल में छूट का लाभ**

रायगढ़। राज्य शासन ने चुनावी घोषणाओं पर अमल प्रारंभ कर दिया है। एक अप्रैल से आधा बिजली बिल योजना का लाभ उपभोक्तओं को दिया जाना है, लेकिन जिले के एक लाख 75 हजार उपभोक्ताओं को इसका लाभ नहीं मिलेगा। इसका मुख्य कारण लम्बे अर्से से बिल बकाया होना है।

जिले में घरेलू बिजली और गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले दो लाख 40 हजार उपभोक्ताओं में से एक लाख 75 हजार उपभोक्ता बिजली विभाग के कर्जदार हैं। इनसे विभाग को 35 करोड़ रुपये की वसूली करनी है। परंतु शासन की नई नीति के तहत 400 यूनिट तक मिलने वाली बिजली बिल की छूट लाभ से वंचित हो रहे हैं। योजना का लाभ देने बिजली कंपनी ने पुराना बकाया एक साथ भुगतान करने पर उपभोक्ता को शासन की योजना के तहत लाभ देने की बात कह रहे है। वही बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा इस छुट्टी व लाभ हानि का आडिट अपने स्तर पर आंकलन कर रहे है।

### नई गाइड लाइन पर 400 यूनिट तक छूट

पूरे प्रदेश भर में नए शासन की योजना के तहत डीएलएफ और बीपीएल बिजली उपभोक्ताओं को 400 यूनिट तक बिजली का इस्तेमाल करने पर 1781 रुपये की जगह मात्र 933 का भुगतान देने की योजना चल रही है जिसमें उपभोक्ता को 848 रुपये की छूट मिलेगी। नए गाइड लाइन के अनुसार उपभोक्ताओं को मिलने वाली इस छूट की राशि को राज्य शासन बिजली विभाग को भुगतान करेगा।

### घरों में बिल का वितरण नही लोगों के संसय

बिजली बिल आधा होने की खुशी में कई बकायादारों ने बिल की आदायगी कर रहे है वही विभागीय उदासीनता व लापरवाही के कारण फरवरी माह का बिजली बिल जोन टू इलाके के उपभोक्ताओं को नहीं मिला है।

## डंपर और बोलेरो में भिड़ंत, 1 महिला की मौत, 9 घायल

रायगढ़। सारंगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम बंजारी के पास आज सुबह करीबन 11.30 बजे डंपर और बोलेरो की जोरदार भिड़ंत हो गई। भिड़ंत में 9 लोगों के घायल हो गये हैं वहीं एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई है। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां सभी का इलाज किया जा रहा है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सारंगढ़ क्षेत्र के ग्राम कोसीर, भद्रा व सिंघनपुर में रहने वाली महिलाए बोलेरो में सवार हो कर अपने काम से सारंगढ़ की ओर रायगढ़ की ओर आ रहे थे तभी बंजारी गांव के पास तेज रफ्तार डंपर ने बोलेरो को सामने से जोरदार ठोकर मार दी। घटना के बाद यहां सैकड़ों की संख्या में लोग इकट्ठा हो गए और सारंगढ़ पुलिस को घटना की सूचना देते हुए घायलों को बोलेरो से बाहर निकाला। सूचना मिलते ही पुलिस की मौके पर पहुंची और तत्काल सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। सभी महिलाएं मितानिन है।

### कोयले से लदा ट्रक पकड़ा गया

रायगढ़। रायगढ़ जिले के कोल ब्लाक क्षेत्र में अवैध कोयला कारोबार थमने का नाम नही ले रहा है। दूसरी ओर पुलिस भी कही न कही शिकंजा कसने की हर तमाम कवायद कर रही है इसी क्रम में धरमजयगढ़ में फिर एक करवाई हुई। धरमजयगढ़ अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अर्जुन कुर्रे की कार्रवाई से, कोल तस्करों के हाथ पांव फूलने लगे है। क्षेत्र में हो रहे कोयला चोरी के मद्देनजर धरमजयगढ़ पुलिस के कान खड़े हो गए है। चार दिन के भीतर दो कोयला लोड हाइवा थाने पहुंच गया। मुखबिर की सूचना पर कोयला लोड दो हाइवा ट्रक पुलिस के हाथ लग गए।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा अधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

पढ़िए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career School, Raigarh, C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU




तत्काल आवश्यकता है
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090
ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....
न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की
खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं.
9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480